हरिभूमि
# वनांचल भूमि
रायपुर, मंगलवार 30 जून 2026
[ बस्तर | दंतेवाड़ा | बीजापुर | सुकमा | कांकेर | कोण्डागांव | नारायणपुर ]

तापमान
अधिकतम 31.0 डिग्री
न्यूनतम 24.0 डिग्री

10 भूमका में आस्था का अद्भुत संगम: खेत की खुदाई में ...

11 मरईगुड़ा की स्वप्ना का सपना हुआ पूरा


14 जुलाई तक नहीं होंगे भगवान जगन्नाथ के दर्शन

# मंच पर देवस्नान-चंदन जात्रा के साथ शुरू हुआ गोंचा महापर्व

619 वर्षों पुरानी परंपरा का शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

आस्था, परंपरा और संस्कृति के अद्भुत संगम का प्रतीक बस्तर का 619 वर्ष पुराना रियासतकालीन गोंचा महापर्व सोमवार को देवस्नान चंदन जात्रा पूजा-विधान के साथ प्रारंभ हो गया। श्रीजगन्नाथ मंदिर परिसर में वैदिक मंत्रोच्चार, शंखध्वनि और श्रद्धालुओं की भक्ति के बीच भगवान श्रीजगन्नाथ, देवी सुभद्रा और भगवान बलभद्र का पंचामृत, चंदन एवं इंद्रावती नदी के पवित्र जल से भव्य देवस्नान-महाभिषेक संपन्न कराया गया। इस वर्ष आयोजन में एक महत्वपूर्ण बदलाव देखने को मिला। पहली बार देवस्नान-महाभिषेक की पूरी प्रक्रिया मंदिर के गर्भगृह से बाहर विशेष रूप से तैयार मंच पर संपन्न कराई गई, जिससे बड़ी संख्या में श्रद्धालु इस दिव्य अनुष्ठान के साक्षी बन सके। धार्मिक परंपरा के अनुसार ग्राम आसना से भगवान शालिग्राम को शोभायात्रा के साथ लाकर मंदिर में स्थापित किया गया। इसके बाद 360 घर आरण्यक ब्राह्मण समाज के ब्राह्मण इंद्रावती नदी से पवित्र जल लेकर मंदिर पहुंचे और वैदिक विधि-विधान के साथ अभिषेक सम्पन्न कराया।





महाभिषेक के उपरांत भगवान जगन्नाथ, माता सुभद्रा और बलभद्र के 22 विग्रहों को मुक्तिमंडप में विराजित किया गया। इसके साथ ही भगवान का 15 दिवसीय अनसर (अनवसर) काल प्रारंभ हो गया है। धार्मिक मान्यता है कि देवस्नान के बाद भगवान अस्वस्थ हो जाते हैं और इस अवधि में वे विश्राम करते हैं। इसलिए 30 जून से 14 जुलाई तक श्रद्धालुओं के लिए भगवान के दर्शन बंद रहेंगे। इस दौरान केवल विशेष औषधियुक्त भोग अर्पित किया जाएगा, जिसका प्रसाद श्रद्धालुओं को वितरित किया जाएगा। 360 घर आरण्यक ब्राह्मण समाज के अध्यक्ष वेद प्रकाश पांडे ने बताया कि बस्तर गोंचा महापर्व की 619 वर्षों से चली आ रही परंपराओं का पूरी श्रद्धा और शास्त्रोक्त विधि से निर्वहन किया जाएगा। उन्होंने बताया कि 15 जुलाई को नेत्रोत्सव ▶▶| शेष पेज 10 पर



## 25 जुलाई को होगा समापन

बस्तर गोंचा समिति के संरक्षक एवं ब्राह्मण समाज के पूर्व अध्यक्ष ईश्वर खंबारी ने बताया कि इस वर्ष महापर्व के अंतर्गत 19 जुलाई से अखंड रामायण पाठ, 20 जुलाई को हेरा पंचमी, 21 जुलाई को छप्पन भोग, 23 जुलाई को सामूहिक उपनयन संस्कार, 24 जुलाई को बाहुड़ा (वापसी) रथयात्रा तथा कपाट फेड़ा पूजा और 25 जुलाई को एकादशी के अवसर पर महापर्व का विधिवत समापन होगा।

## विशेष औषधियुक्त भोग 15 दिनों तक

समिति अध्यक्ष मुक्तेश्वर पाण्डे ने कहा कि चंदन जात्रा के बाद भगवान के स्वास्थ्य लाभ हेतु 15 दिनों तक विशेष औषधियुक्त भोग अर्पित किया जाता है। इस सेवा का दायित्व 360 घर आरण्यक ब्राह्मण समाज के सेवादार एवं पुरोहित निभाते हैं। श्रद्धालु इस अवधि में मंदिर पहुंचकर औषधियुक्त प्रसाद प्राप्त कर सकते हैं, लेकिन भगवान के दर्शन परंपरा के अनुसार वर्जित रहेंगे।

## सदियों पुरानी सांस्कृतिक विरासत

बस्तर का गोंचा महापर्व केवल एक धार्मिक आयोजन नहीं, बल्कि सदियों पुरानी सांस्कृतिक विरासत, लोक आस्था और सामाजिक समरसता का जीवंत उत्सव है। हर वर्ष हजारों श्रद्धालु और पर्यटक इस ऐतिहासिक पर्व के साक्षी बनने जगदलपुर पहुंचते हैं, जिससे बस्तर की समृद्ध धार्मिक और सांस्कृतिक पहचान पूरे देश में और अधिक गौरवान्वित होती है।



## सिद्धेश्वर धाम में हुई प्रभु जगन्नाथ की प्राणप्रतिष्ठा



- दंतेवाड़ा जिले के पातररास में हुआ कार्यक्रम, निकली शोभायात्रा

जगदलपुर। मां दंतेश्वरी की पावन नगर के पातररास में नवनिर्मित सिद्धेश्वर धाम में प्रभु श्री जगन्नाथ मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा समारोह का आयोजन सोमवार को हुआ। शुभारंभ आदिशक्ति मां दंतेश्वरी मंदिर में दर्शन पूजन के साथ हुआ। शक्तिपीठ मां दंतेश्वरी मंदिर के प्रधान पुजारी हरेन्द्र नाथ जिया व सुकमा राजपरिवार के सदस्य कुमार जयदेव को सत्तारूढ़ कर बाजे गाजे के साथ कार्यक्रम स्थल के लिए ▶▶| शेष पेज 10 पर

### निकलेगी रथयात्रा

पं विभूति मिश्रा ने बताया कि 16 जुलाई को श्री गोंचा मंदिर से रथयात्रा निकलेगी। दुर्गा मंडप स्थित मौसी मंदिर में प्रभु विश्राम करेंगे। इसके बाद 24 जुलाई को वापसी की रथयात्रा बाहुड़ा गोंचा होगी।

### जगन्नाथ पुरी से मंगवाये विग्रह

पातररास में नव निर्मित सिद्धेश्वर धाम प्रभु जगन्नाथ मंदिर की स्थापना करने वाले मिश्रा परिवार के सत्यनारायण मिश्रा ने बताया कि उनका परिवार 7 पीढ़ियों से यहां निवासरत है। पिता सिद्धेश्वर मिश्रा की इच्छा पूरी करने 6 बेटों के परिवार ने यह मंदिर निर्माण करवाया है। इसके लिए भगवान जगन्नाथ, बलभद्र, माता सुभद्रा के विग्रह ओड़िशा के जगन्नाथ पुरी से यहां लाए गए हैं।

# सहकारिता आंदोलन को गांव गांव तक पहुंचाने पर जोर

ध्वजारोहण के साथ सहकारी सप्ताह का शुभारंभ



हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

सहकारिता मंत्रालय भारत सरकार की स्थापना के पांच वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में 29 जून से 6 जुलाई तक आयोजित किए जा रहे सहकारी सप्ताह का शुभारंभ सोमवार को जिला सहकारी केंद्रीय बैंक मर्यादित के प्रधान कार्यालय परिसर में हुआ। शुभारंभ सहकारी ध्वजारोहण से हुआ। इसके बाद अधिकारियों, कर्मचारियों एवं जनप्रतिनिधियों ने सामूहिक रूप से सहकारी ध्वजगीत का गायन किया और सहकार से समृद्धि के संकल्प को साकार करने हेतु सहकारिता की शपथ ली। बैंक के अध्यक्ष दिनेश कश्यप ने अपने उद्बोधन में सहकारी सप्ताह के दौरान अधिक से अधिक लोगों को सदस्यता अभियान से जोड़ने पर विशेष बल दिया। उन्होंने पैक्स, दुग्ध, मत्स्य, बुनकर एवं अन्य नई सहकारी समितियों के गठन को बढ़ावा देने की आवश्यकता बताई। बैंक के उपाध्यक्ष श्रीनिवास मिश्रा ने कहा कि एक सब के लिए, सब एक के लिए यही सहकारिता का मूलमंत्र है। उन्होंने कहा ▶▶| शेष पेज 10 पर

## किसानों को मिल रही आधुनिक सुविधाएं

उपाध्यक्ष ने कहा कि केंद्रीय सहकारिता मंत्रालय द्वारा पैक्स कम्प्यूटरीकरण, बहुउद्देशीय सहकारी समितियों के गठन और सुदृढ़ीकरण जैसे नवाचारों से किसानों को आधुनिक सुविधाएं मिल रही हैं, जिससे उनकी आय और व्यवसाय विस्तार के नए अवसर तैयार हो रहे हैं।

## सशक्त बनाने मिलकर करेंगे काम

प्रदेश सह-संयोजक, सहकारिता प्रकोष्ठ रंजीत पाण्डेय ने कहा कि केंद्रीय सहकारिता मंत्रालय के गठन के बाद देश में सहकारिता आंदोलन को नई दिशा और गति मिली है। उन्होंने लोगों से अधिकाधिक सहकारी सदस्यता लेने तथा जनभागीदारी को मजबूत करने की अपील की।

## लाभ समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाएं

बैंक के मुख्य कार्यपालन अधिकारी कुंवर सिंह ध्रुव ने सभी अतिथियों एवं जनप्रतिनिधियों का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि सहकारी सप्ताह के दौरान निर्धारित सभी गतिविधियों का संचालन बैंक से संबद्ध पैक्स एवं लैंप्स समितियों के माध्यम से व्यापक स्तर पर किया जाएगा, ताकि सहकारिता के सिद्धांत और जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंच सके।

स्वास्थ्य कर्मचारियों को नहीं मिल रहा नियमित वेतन : रीमा

# अधिकारी फंड की कमी बताकर पल्ला झाड़ रहे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

स्वास्थ्य विभाग में जिले के विभिन्न स्थानों में पदस्थ संविदा कर्मचारी को नियमित वेतन नहीं दिया जा रहा है। जिसके चलते उन्हें काफी समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। अधिकारी फंड की कमी बताकर पल्ला झाड़ रहे हैं। छत्तीसगढ़ प्रदेश स्वास्थ्य कर्मचारी संघ की जिला अध्यक्ष रीमा दानी ने बताया कि जिले में करीब एक हजार से अधिक संविदा कर्मचारी नियुक्त है। जिनकी स्वास्थ्य सेवाओं में अहम भूमिका है। जिला मुख्यालय समेत अंदरूनी क्षेत्रों में कठिन चुनौती का सामना करते हुए यह कर्मचारी अपनी सेवाएं दे रहे हैं उन्हें शासन की ओर से डीएफ, एनएचएम व जीडीएफ जीवन वित्त समिति मद से वेतन प्रदान किया जाता है। लंबे समय से आवंटन न होने का हवाला देकर कर्मचारियों को नियमित वेतन का भुगतान नहीं किया जाता है जिससे उनके समक्ष भरण पोषण की भारी समस्या उत्पन्न हो गई है। अधिकतर कर्मचारियों ने बताया कि इस संबंध में संघ की ओर से कई बार उच्च अधिकारियों व शासन स्तर पर पत्राचार किया गया है। इसके बावजूद कोई समाधान नहीं निकला है। ज्ञात हो बीते वर्ष जायज मांगो को लेकर एनएचएम कर्मचारियों ने लंबा हड़ताल भी किया था। शासन के आश्वासन के बाद हड़ताल समाप्त किया गया था उनकी जायज मांगे आश्वासन के बावजूद सरकार ने पूरी नहीं की है। इस रवैया से कर्मचारियों का मनोबल लगातार गिर रहा है। उन्होंने बताया कि स्वास्थ्य कर्मचारियों को नियमानुसार चार प्रतिशत इंसेंटिव प्रदान किया जाना है लेकिन अधिकतर कर्मचारियों को दिए जाने वाले भत्तों में एकरूपता नहीं है जिससे उनमें असंतोष व्याप्त है। संघ ने नियमानुसार सभी कर्मियों को बराबर इंसेंटिव दिए जाने की मांग रखी है।

## सुरक्षा की भी मांग

*जिला महारानी अस्पताल समेत जिले के सभी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र व उप स्वास्थ्य केंद्रों में काफी संख्या में महिला कर्मचारी पदस्थ हैं। अक्सर आपातकालीन सेवा के दौरान उन्हें कुछ असामाजिक तत्वों के दुर्व्यवहार का सामना करना पड़ता है। ऐसे वातावरण में महिला कर्मचारी स्वयं को सुरक्षित महसूस करती हैं। संघ ने मांग की है कि महिला कर्मचारियों को उचित वातावरण व सुरक्षा मुहैया कराया जाए ताकि वह निर्भीक रूप से कार्य कर सके।*

# अवैध अंग्रेजी शराब के साथ एक आरोपी हिरासत में

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बचेली

नशीले पदार्थों और अवैध शराब बिक्री के खिलाफ मुहिम के तहत बचेली पुलिस को सफलता मिली है। पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर आरईएस कॉलोनी में अवैध बियर जब्त की है। वहीं एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। मिली जानकारी के अनुसार थाना बचेली को लगातार शिकायत मिल रही थी कि आरईएस कॉलोनी में अवैध रूप से शराब की बिक्री की जा रही है। मुखबिर से मिली सूचना की तस्दीक के बाद 27 जून को पुलिस टीम ने आरईएस कॉलोनी निवासी बामन कुमार कुंजाम (33 वर्ष) के घर पर दबिश दी। घर की तलाशी लेने पर किचन में 16 बोतल बियर छिपाकर रखी थी। जब्त की गई बियर की मात्रा 10.400 लीटर है, जिसकी अनुमानित कीमत 3,520 रुपये बताई जा रही है। थाना बचेली में आबकारी अधिनियम की धारा 34(2) के तहत गैर-जमानती अपराध पंजीबद्ध कर मामले को विवेचना में ले लिया है।



## इनकी रही अहम भूमिका

*पुलिस अधीक्षक गौरव राय के निर्देशन, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक रामकुमार बर्मन एवं पुलिस अनुविभागीय अधिकारी किरंदुल कमलजीत पाटले के मार्गदर्शन में टीम को सफलता मिली। कार्रवाई में थाना प्रभारी प्रहलाद कुमार साहू, उपनिरीक्षक रामकुमार जैन, सहायक उपनिरीक्षक प्रहलाद निर्मल, गोवर्धन निर्मलकर, महिला प्रधान आरक्षक संगीता जुर्री और आरक्षक सरिता तामो की विशेष भूमिका रही।*

बस्तर को नक्सलमुक्त करने में 15 सौ से अधिक सुरक्षाबलों ने अपना सर्वोच्च बलिदान दिया

# सभी का संयुक्त प्रयास होना चाहिए कि किसी प्रकार की ताकत पुनः बस्तर में अशांति न ला सके : आईजी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

- नक्सलवाद को समाप्त करने में बलिराम कश्यप व महेन्द्र कर्मा का मिला मार्गदर्शन

छग शासन एवं भारत सरकार की मंशाअनुरूप एवं क्षेत्र की जनता की इच्छा के अनुसार बस्तर में एक सकारात्मक परिस्थिति निर्मित हुई है। पूर्व में जो परिस्थिति थी वह समाप्त होकर अब शांति की परिस्थिति निर्मित हुआ है। यह बदलते बस्तर की तस्वीर सामने आई है इसमें सुरक्षाबल, स्थानीय प्रशासन के साथ साथ क्षेत्र की जनता, जनप्रतिनिधि ▶▶| शेष पेज 10 पर




## राजनैतिक दृष्टिकोण से दो नाम महत्वपूर्ण

आईजी ने कहा कि राजनैतिक दृष्टिकोण से भी बात करें तो दो नाम सब के याद में हमेशा रहेगा। इनमें स्वर्गीय बलिराम कश्यप व शहीद महेन्द्र कर्मा जी का जिनका हमें मार्गदर्शन प्राप्त हुआ। उन्होंनले कहा कि जब वर्ष 2005 में जब बस्तर आए थे उस समय बलिराम कश्यप सांसद व महेन्द्र कर्मा नेता प्रतिपक्ष थे। वे जब कभी भी बस्तर व दंतेवाड़ा आते थे, तब उनसे बस्तर के सबंधं में चर्चा होती थी और नक्सलवाद की समस्या को समाप्त करने के लिए दोनों का काफी मार्गदर्शन मिलता था। इसके अलावा क्षेत्र के अन्य जनप्रतिनिधि व जनता का सहयोग मिलता रहा।

## फील्ड के हिसाब से आखरी मुलाकात

आईजी ने कहा कि सभी समाज के प्रमुख व गणमान्य नागरिकों की मौजूदगी में अभिनंदन व प्यार मिला, अलग अलग कार्यक्रमों में लोगों से मुलाकात होती रहती है लेकिन आज एक ही मंच में विदाई के अवसर पर एक साथ मुलाकात हुई यह अविस्मरणीय है, सभी का आभारी हूं। अच्छा लगा जब यहां था तो आप सभी का सहयोग व प्यार मिला अब विदाई के समय में भी आप सभी का स्नेह व समय प्राप्त हुआ। विदाई के अवसर पर आप लोग शुभकामनाएं देकर भेजते है और जल्द वापस आने की कामना करते है लेकिन संभवतः यह आखरी मुलाकात होगी। इसके बाद भी आप लोगों के बीच आने का प्रयास करूगां।



## खबर संक्षेप

### मछली कारोबारी पर चाकू से किया ताबड़तोड़ हमला, मौत

**नगरी।** नगरी-गरियाबंद मार्ग पर एक सनसनीखेज और दिल दहला देने वाली घटना सामने आई है। मछली व्यवसाय से जुड़े एक व्यक्ति पर अज्ञात हमलावरों ने जानलेवा हमला कर दिया। घटना के बाद क्षेत्र में भारी दहशत है। मिली जानकारी के अनुसार विपलभ मंडल लगभग 55 वर्ष पिता मनोरंजन मंडल मूल निवासी कोलकाता पिछले लगभग 7-8 वर्षों से ग्राम बोईरगांव दर्रीपारा जिला गरियाबंद थाना मैनपुर में रह रहे थे। वे चुम्मन यादव पिता कार्तिक यादव के साथ नगरी में मछली व्यवसाय करते थे। इनका सिहावा रोड पर एमएम फिश नाम से दुकान संचालित होने की जानकारी सामने आई है। दोनों का रोजाना इसी मार्ग से आना-जाना होता था। बताया जा रहा है कि शुक्रवार को दुकान बंद कर दोनों नगरी से वापस बोईरगांव लौट रहे थे। इसी दौरान गोरेगांव से लगभग 3 किलोमीटर आगे गरियाबंद रोड पर कुछ लोगों ने रास्ता रोक लिया।

### बारिश के लिए बनी अनुकूल परिस्थिति

**धमतरी।** सूखे की स्थिति से जूझ रहे अंचलवासियों के लिए राहत की खबर है। आज से अगले चार दिनों तक पूरे प्रदेश में वर्षा की गतिविधियों में वृद्धि होने की संभावना है। वहीं गरज-चमक के साथ तीव्र वज्रपात की संभावना बनी हुई है। नगरी तहसील को छोड़कर पूरा जिला मानसून की बेरूखी का शिकार है। बारिश के इंतजार में किसान आसमान ताक रहे हैं। इस बीच मौसम विज्ञान केंद्र से राहत भरी खबर है। 29 जून से अगले 4 दिनों तक पूरे प्रदेश में वर्षा गतिविधि तेज होने की संभावना है। अगले 2-3 दिनों में दक्षिण-पश्चिम मानसून के छत्तीसगढ़ के बाकी हिस्सों में आगे बढ़ने के लिए अनुकूल परिस्थिति बनी हुई है। सोमवार को पूरे प्रदेश के अनेक स्थानों में तीव्र वज्रपात होने की चेतावनी दी गई है। मौसम विज्ञान केंद्र के अनुसार चार आसमानी सिस्टम बने हुए हैं। एक द्रोणिका आंध्रप्रदेश के उत्तरी हिस्सो से छत्तीसगढ़ और मराठवाड़ा होते हुए मध्य महाराष्ट्र तक समुद्रतल से 4.8 किमी की ऊंचाई पर बना हुआ है।

# आकाश की ओर टकटकी लगाए किसान, बारिश ना होने से माथे पर चिंता की लकीरें

हरिभूमि न्यूज ▶▶ केशकाल

इस साल मानसून के रुठने से किसानों के माथे पर चिंता की लकीरें हैं। किसान आसमान की ओर टकटकी लगाएं है कि कब बदरा बरसें और हम खेतों में उतरें। ज्यादातर इलाकों में अभी तक बारिश शुरू नहीं हुई है। धान उत्पादन करने वाले किसान अब फसल लगाने को लेकर चिंतित हैं। किसानों का कहना है कि उनके खेत अभी तक सूखे हैं, ऐसे में वो कैसे फसल का रोपा करें।

क्षेत्र के किसान सामान्य तौर पर नर्सरी तैयार करने के बाद खेतों में रोपा लगाते हैं, इससे पैदावार अच्छी रहती है। इस वर्ष मानसून कमजोर रहने के कारण अब तक किसी भी किसान का थरहा तैयार नहीं हो पाया है। मानसून के नहीं पहुंचने से किसान अब सीधे बुवाई कर खेती करने की तैयारी कर रहे हैं। स्थानीय भाषा में इसे सूखा धान या बरानी धान भी कहा जाता है। एक अनुमान के मुताबिक इस तरह की खेती में 30 फ़ीसदी तक कम पानी का इस्तेमाल होता है। किसान इस पद्धति से खेती करने की सोच तो रहे हैं, लेकिन साथ ही साथ वह इस बात से आशंकित भी हैं कि पैदावार कम हो सकती है।

सीधे बुवाई करने से ऐसे धान की खेती की जा सकती है, लेकिन थरहा पद्धति से धान की पैदावार करने पर फसल अच्छी रहती है, बारिश लेट हो तो भी थरहा पद्धति से ही खेती करूंगा, लेकिन इससे नुकसान भी होगा. फसल लेट होगा और दूसरे फसलों को भी नुकसान हो रहा है।

## पानी नहीं गिरने के कारण नहीं तैयार हो पाई नर्सरी

### मानसून कमजोर रहने से नुकसान

धान की खेती करने वाले किसान बीजू वेदव्यास कहते हैं, इस वर्ष बारिश काफी लेट हो चुकी है, अब तक तो हमारा थरहा तैयार हो जाना चाहिए था. लेकिन प्रकृति पर किसी का बस नहीं चलता। पिछले वर्ष तो अब तक हमने खेतों में रोपा लगा दिया था, लेकिन इस वर्ष समय पर बारिश नहीं होने के कारण हम बारिश का इंतजार कर रहे हैं। खेतों की गुड़ाई और जुताई करके रखी है, लेकिन बारिश नहीं हो रही है। जानकार और दूसरे किसानों से सुना है कि सूखा धन 90 दिन में तैयार हो जाता है।



### बुवाई पद्धति से खेती करने की तैयारी

एक और किसान लव कुंवर कहते हैं कि पिछले वर्ष थरहा लगाकर इसके बाद खेतों में रोपा लगाया था, लेकिन इस वर्ष तो बुवाई करने के अलावा कोई विकल्प नहीं दिख रहा है। अब तक बरसात नहीं हुई है। 50 फीसदी का नुकसान लगभग हो चुका है, खाद के दाम भी बढ़ गए हैं। इस वजह से ज्यादा नुकसान उठाना पड़ सकता है। धान काटने पर ही वास्तविक नुकसान का पता चलेगा, लेकिन फिलहाल बारिश नहीं होने से काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। किसान कल्याण भारद्वाज ने कहा कि खेतों में सीधे बुवाई पद्धति से खेती करने पर पैदावार थोड़ी कम रहती है, लेकिन अब इसके अलावा कोई दूसरा विकल्प दिख नहीं रहा है।

## विधि-विधान, पूजा-अर्चना और मंत्रोच्चार के साथ प्रक्रिया हुई पूरी

# भूमका में आस्था का अद्भुत संगम: खेत की खुदाई में मिले शिवलिंगनुमा पत्थर की प्राण-प्रतिष्ठा





हरिभूमि न्यूज ▶▶ फरसगांव

विकासखंड के ग्राम भूमका में खेत की खुदाई के दौरान मिले शिवलिंगनुमा पत्थर को लेकर ग्रामीणों में गहरी आस्था देखने को मिली। सोमवार को कामता यादव के निवास परिसर में ग्रामीणों की मौजूदगी में पूरे विधि-विधान, पूजा-अर्चना और मंत्रोच्चार के साथ उसकी प्राण-प्रतिष्ठा संपन्न कराई गई।

■ स्थानीय मान्यताओं और बुजुर्गों की सलाह के बाद लिया निर्णय

कामता यादव ने बताया कि रामनवमी के समय वे अपनी पत्नी भागबती यादव के साथ दसरू यादव के खेत मे काम करने गये थे। कामता यादव, भागबती यादव, दसरू यादव, केला यादव और महेन्द्री यादव के साथ खेत में खुदाई कर रहे थे। इसी दौरान उन्हें शिवलिंग के आकार का एक पत्थर मिला। ग्रामीणों के अनुसार, उस समय वहां एक सर्प भी दिखाई दिया, जो कुछ देर बाद वहां से चला गया। बाद में पत्थर को दसरू यादव के घर लाकर ट्यूबवेल बोर के पास सुरक्षित रखा गया।

### बनेगा आस्था का केंद्र

29 जून सोमवार को आयोजित प्राण-प्रतिष्ठा कार्यक्रम में गांव के अनेक लोग शामिल हुए। श्रद्धालुओं ने भजन-कीर्तन, पूजा-अर्चना और प्रसाद वितरण के माध्यम से अपनी आस्था व्यक्त की। ग्रामीणों का कहना है कि अब यहां नियमित रूप से पूजा-पाठ किया जाएगा और यह स्थल श्रद्धा का केंद्र बनेगा।

### घर में रखने के बाद नाग के सपने आने लगे



परिवार का कहना है कि इसके पश्चात भागबती यादव को लगातार नाग सांप से जुड़े सपने आने लगे। घर के एक कमरे में पूजा स्थल के समीप मिट्टी का एक डेंगूर बिल भी बन गया, जिसे ग्रामीण धार्मिक संकेत के रूप में देख रहे हैं। स्थानीय मान्यताओं और बुजुर्गों की सलाह के बाद शिवलिंगनुमा पत्थर को घर के आंगन में स्थापित करने का निर्णय लिया गया।

# सीईओ ने नेवता में मनरेगा कार्यों का किया निरीक्षण



हरिभूमि न्यूज ▶▶ कोण्डागांव

जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी अविनाश भोई ने ग्राम पंचायत नेवता का आकस्मिक निरीक्षण कर मनरेगा एवं अभिसरण योजनाओं के अंतर्गत संचालित विकास कार्यों की प्रगति और गुणवत्ता का जायजा लिया।

■ मोर गांव मोर पानी अभियान के तहत जल संरक्षण कार्यों में लाएं तेजी : भोई

निरीक्षण के दौरान सीईओ ने मनरेगा के तहत निर्माणाधीन श्नवा तरियाश तथा कृषि विभाग के अभिसरण से बनाए जा रहे चेक डैम का निरीक्षण किया। उन्होंने स्वीकृत प्राक्कलन के अनुरूप गुणवत्तापूर्ण निर्माण कार्य सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। सीईओ ने आवश्यकतानुसार श्रमिकों की संख्या बढ़ाने तथा सभी निर्माण कार्य निर्धारित समय–सीमा में पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने स्पष्ट किया कि गुणवत्ता में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने मोर गांव मोर पानी अभियान के तहत तालाब, चेक डैम, डबरी एवं भू–जल संवर्धन से जुड़े अधिक से अधिक कार्य प्रस्तावित करने के निर्देश दिए, ताकि रोजगार सृजन के साथ भविष्य में जल संकट से भी राहत मिल सके। निरीक्षण के दौरान अधिकारियों एवं पंचायत प्रतिनिधियों को योजनाओं का लाभ पात्र हितग्राहियों तक पारदर्शी और समयबद्ध ढंग से पहुंचाने तथा श्रमिकों को समय पर मजदूरी भुगतान सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिए।

# हरवेल में सहकारी सप्ताह का ध्वजारोहण के साथ शुभारंभ



हरिभूमि न्यूज ▶▶ कोण्डागांव

विकासखंड बड़ेराजपुर के ग्राम पंचायत हरवेल स्थित आदिम जाति सेवा सहकारी समिति मर्यादित हरवेल में सोमवार को ध्वजारोहण एवं दीप प्रज्वलन के साथ सहकारी सप्ताह का शुभारंभ उत्साहपूर्वक किया गया। मुख्य अतिथि लालाराम मरकाम ने किसानों को सहकारिता की भूमिका, शासकीय योजनाओं, खाद–बीज वितरण व्यवस्था तथा समिति की गतिविधियों की जानकारी देते हुए आत्मनिर्भर बनने का संदेश दिया। कार्यक्रम में किसानों एवं समिति के सदस्यों से सहकारी गतिविधियों में सक्रिय सहभागिता निभाने और योजनाओं का अधिक से अधिक लाभ उठाने का आह्वान किया गया। कार्यक्रम में मंडल अध्यक्ष लालाराम मरकाम, सरपंच महेश नेताम, लेम्प्स प्रबंधक केशु बैध सहित बड़ी संख्या में किसान एवं ग्रामीण उपस्थित रहे।

# जिला न्यायालय में चेक बाउंस मामलों की स्पेशल लोक अदालत 18 जुलाई को

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कोण्डागांव

जिला न्यायालय कोण्डागांव में 18 जुलाई 2026 को धारा 138 पराक्रम्य लिखत अधिनियम एनआई एक्ट के तहत लंबित चेक बाउंस मामलों के निराकरण के लिए स्पेशल लोक अदालत का आयोजन किया जाएगा। यह आयोजन राष्ट्रीय एवं राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देशानुसार किया जा रहा है।

■ धारा 138 एनआई एक्ट के प्रकरणों का आपसी सहमति से होगा त्वरित निराकरण

स्पेशल लोक अदालत में परिवादी एवं आरोपी को आपसी सहमति से विवाद का समाधान करने का अवसर मिलेगा। लोक अदालत में पारित निर्णय अंतिम एवं बाध्यकारी होगा तथा इसके विरुद्ध अपील का प्रावधान नहीं रहेगा। लोक अदालत में न्यायालय में वाद दायर होने से पहले के योग्य प्री–लिटिगेशन मामलों को भी शामिल किया जाएगा। इच्छुक व्यक्ति एवं संस्थाएं अपने चेक बाउंस अथवा अन्य योग्य प्रकरण जिला विधिक सेवा प्राधिकरण या तालुका विधिक सेवा समिति में प्रस्तुत कर सकते हैं।

### बैंक, अधिवक्ता और पक्षकार रहेंगे उपस्थित

प्रकरणों के प्रभावी एवं त्वरित निराकरण के लिए बैंक प्रतिनिधियों, अधिवक्ताओं तथा संबंधित पक्षकारों की उपस्थिति सुनिश्चित की जाएगी। साथ ही मामलों को समझौते के लिए पहले से तैयार करने हेतु संबंधित पक्षों से संपर्क भी किया जाएगा।

### समय और धन की होगी बचत

जिला विधिक सेवा प्राधिकरण ने नागरिकों से स्पेशल लोक अदालत का अधिक से अधिक लाभ उठाने की अपील करते हुए कहा है कि यह वैकल्पिक विवाद निवारण प्रणाली कम समय, कम खर्च और सौहार्दपूर्ण तरीके से विवादों के समाधान का प्रभावी माध्यम है।

## वरिष्ठ नागरिकों के अधिकारों पर विधिक जागरुकता शिविर

# वरिष्ठजनों को दी कानूनी अधिकार और कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कोण्डागांव

जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा नालसा की थीम वरिष्ठजन अधिकार, सशक्तिकरण और गरिमा के अंतर्गत बाजार स्थल कोण्डागांव में वरिष्ठ नागरिकों के अधिकार, संरक्षण एवं कल्याणकारी योजनाओं के संबंध में विधिक जागरुकता शिविर आयोजित किया गया।

■ बाजार स्थल पर जिला विधिक सेवा प्राधिकरण का आयोजन

शिविर में वरिष्ठ नागरिकों के भरण–पोषण एवं कल्याण संबंधी कानून, सामाजिक सुरक्षा योजनाएं, वृद्धावस्था पेंशन, स्वास्थ्य सुविधाएं तथा निःशुल्क विधिक सहायता के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। प्रतिधारक अधिवक्ता सुरेन्द्र भट्ट ने कहा कि प्रत्येक वरिष्ठ नागरिक को सम्मानपूर्वक जीवन, सामाजिक सुरक्षा और आवश्यकता पड़ने पर विधिक सहायता प्राप्त करने का अधिकार है। उन्होंने समाज से वरिष्ठजनों के प्रति संवेदनशील और सम्मानजनक व्यवहार अपनाने की अपील की।




### अधिवक्ता एवं अधिकार मित्र रहे उपस्थित

शिविर में प्रतिधारक अधिवक्ता सुरेन्द्र भट्ट के साथ अधिकार मित्र रंजन कुमार बैध, तरूणा ध्रुव एवं पूर्णिमा भण्डारी उपस्थित रहे। कार्यक्रम का उद्देश्य वरिष्ठ नागरिकों को उनके अधिकारों एवं न्याय तक सुगम पहुंच के प्रति जागरूक करना रहा।

## पेज 9 के शेष

### सिद्धेश्वर धाम में हुई ...

ले जाया गया। उनके साथ मां दंतेश्वरी मंदिर जगदलपुर के पुजारी प्रेम कृष्ण पाढ़ी, मावली माता मंदिर पुजारी अनिल ठाकुर, कुमार विजित देव, धाकड़ क्षत्रिय समाज, बंजारा समाज, कलार समाज, यादव समाज समेत विभिन्न समाजों के प्रतिनिधि भी शामिल हुए। शक्तिपीठ मां दंतेश्वरी मंदिर से भव्य शोभायात्रा स्टेट बैंक चौक तक निकली। उसके बाद आगे पातररास तक शोभायात्रा पहुंचने पर भगवान जगन्नाथ, बलभद्र व माता सुभद्रा के विग्रहों की प्राणप्रतिष्ठा की गई। इस अवसर पर विधायक चैतराम अटामी, जिला पंचायत अध्यक्ष नंदलाल मुड़ामी ने भी प्रभु जगन्नाथ के दर्शन किए।

### मंच पर देवस्नान...

के साथ भगवान पुनः भक्तों को दर्शन देंगे, जबकि 16 जुलाई को भव्य गोंचा रथयात्रा निकलेगी। इसके बाद भगवान जनकपुरी सिरहासार भवन में नौ दिनों तक विराजमान रहेंगे, जहां श्रद्धालु दर्शन कर पुण्य लाभ अर्जित करेंगे।

### सहकारिता आंदोलन ...

कि सहकारिता केवल आर्थिक सशक्तिकरण का माध्यम नहीं, बल्कि सामूहिकता, विश्वास और सहभागिता की मजबूत नींव है। उन्होंने जोर देते हुए कहा कि सामूहिकता की भावना के साथ सहकारिता आंदोलन को और अधिक मजबूत बनाना समय की आवश्यकता है। इसके लिए गांव-गांव और पंचायत स्तर तक सहकारिता की पहुंच सुनिश्चित करनी होगी। उन्होंने कहा कि हर पंचायत में कम से कम एक सहकारी समिति का गठन किया जाना चाहिए, ताकि अधिकाधिक किसान, ग्रामीण और आमजन सहकारिता से जुड़कर विकास की मुख्यधारा में शामिल हो सकें।

ये रहे मौजूद : मंच संचालन जिला सहकारी शिक्षा प्रशिक्षक, छत्तीसगढ़ राज्य सहकारी संघ विवेक पाण्डे ने किया। कार्यक्रम में खेमसिंह देवांगन, योगेन्द्र पाण्डेय, मनोहर दत्त तिवारी, प्रेम यादव, संतोष नाग, चंद्रभान नागवंशी, के.एन. पाण्डेय, विवेकानंद झा , के.के. द्विवेदी सहित बैंक के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

सभी का संयुक्त प्रयास ...

मीडिया के साथी समेत सम्पूर्ण बस्तर के लोगों ने अपना योगदान दिया है। जिससे हम अपना संकल्प को पूरा कर पाए इसमें सबका साथ मिला, सबका सहयोग मिला इसी कारण से हमें बस्तर में बदली हुई परिस्थिति देखने को मिल रही है, जिससे काफी संतुष्टि मिली इसमें सभी ने अपना योगदान दिया है।

यह कहना था बस्तर आईजी सुंदरराज पट्टलिंगम का जो उन्होंने नागरिक अभिनदंन समारोह के दौरान समाज प्रमुखों व गणमान्य नागरिकों को सम्बोधित करते हुए कही। आईजी ने बताया कि बस्तर में अपनी सेवा के पश्चात केन्द्र के लिए नियुक्ति हुए हैं। इसमें क्षेत्र की जनता का काफी स्नेह रहा जो नागरिक अभिनंदन के माध्यम से अपना प्यार दिया। इस अवसर पर सभी समाज के प्रमुखों, युवा साथीगण एवं जनप्रतिनिधियों का आभारी हूं। साथ ही हमारे युवा साथी के लिए भी अपील करना चाहूंगा की आने वाली परिस्थिति में बस्तर को नया पहचान एवं दिशा देने के लिए सभी अपनी जिम्मेदारी निभाएंगे। सभी को साथ मिलकर यह प्रयास करना चाहिए ताकि किसी प्रकार की ताकत पुनः बस्तर में अशांति न ला सके। बस्तर की शांति, सुरक्षा व विकास के लिए बस्तर के नागरिकों के अलावा अनेक सुरक्षाबलों के साथियों ने भी अपना सर्वोतम बलिदान दिए तथा कईयों ने आईईडी ब्लास्ट में अपने अंग खोए तथा संपति का नुकसान होने के बावजूद भी हमारे इस अभियान में भरपूर साथ दिया। हम उन सभी का नमन व अभिनदंन करना चाहते है। शहीद के परिजनों व पीड़ितों ने एक टीम वर्क के साथ काम किया, सभी का आभार व्यक्त करता हूं। आईजी ने कहा कि शुरूआती समय में साधन संसाधनों का चुनौती रहा, उतना बल संख्या भी नहीं थी। हम लोगों के पास बावजूद पुलिस, सुरक्षाबल, क्षेत्र के नागरिकों के सहयोग व चुनौतियों के बावजूद सभी ने नक्सलवाद को समाप्त करने में अपनी भूमिका निभाई। मार्च 2026 तक नक्सलवाद को समाप्त करने की चुनौती थी। लेकिन क्षेत्र की जनता बीते चार-पांच दशक से नक्सलवाद को झेल रहे थे। उन्हें उम्मीद थी कि एक दिन बस्तर नक्सलमुक्त होगा सभी के प्रयास से नक्सल प्रभावित आठ राज्यों के साथ अब छग को भी नक्सलमुक्त राज्य बोल सकते हैं। बस्तर में वर्तमान में साठ हजार से अधिक स्थानीय व केन्द्रीय बल अधिक बल तैनात है। जिन्होंने बस्तर को नक्सलमुक्त करने में अपना योगदान दिया। इस अभियान में हमारे लगभग 15 सौ से अधिक सुरक्षाबलों के जवानों ने क्षेत्र की शांति, सुरक्षा व विकास के लिए अपना सर्वोच्च बलिदान दिया। इस अभियान में सैकड़ों जवान एवं ग्रामीण भी अपने अगों को खोकर घायल हुए आज इस अवसर पर समस्त बलिदानी जवानों व साथियों को हम याद करते है नमन करते है। नक्सलियों ने शासकीय संपतियों को नुकसान पहुंचाया, निर्दोष लोगों की जान ली, बावजूद हम पीछे नहीं हटे और सभी के सहयोग से हमे जीत मिली।

14 साल वनवास का अपना महत्व है, परिवार की कमी महसूस नहीं हुईः आईजी ने कहा कि बस्तर में रहने के दौरान आपने ने कभी महसूस होने नहीं दिया कि घर परिवार से दूर हूं। होली, दीपावाली या जितने भी त्यौहार हो आप मिलने आते थे तो ऐसा कभी महसूस नहीं हुआ। त्यौहारों के दौरान हम घर नहीं जा सकते थे क्योंकि हमारी जिम्मेदारी होती थी लेकिन आप से मिलते रहते थे तो परिवार की दूरी का एहसास नहीं होता था। यही वजह है कि परिवार के लोगों को भी ताकत मिलता था कि पूरा समाज व जनता मेरे साथ है। आईजी ने कहा कि पूरे 14 साल तो नहीं रहा 13 साल 6 माह बस्तर में सेवा देने का अवसर मिला। वनवास की दृष्टि से आप सभी के बीच लगभग 14 साल रहने का अवसर मिला है। इसी बात का लेकर संतुष्टि व खुशी है आगे भी अवसर मिलेगा तो आपके बीच आउगां। डेपुटेशन के बाद वापस छग आउंगा, तब आप सब के बीच खड़ा रहूंगा।

## खबर संक्षेप

### पंत समाज ने धूमधाम से मनाया संत कबीर का प्रकटोत्सव



**तोकापाल।** ग्राम बेडागुड़ा में संत कबीर दास के जन्म दिवस को उनके अनुयायियों ने बड़ी ही धूमधाम से मनाया। भूरसु दास महंत ने संत कबीर दास के चित्र को माल्यार्पण कर तथा उनके वचनों का गुणगान कर उनके मार्ग में चलने के लिये समाज को कहा। उनके आरती में जनपथ अध्यक्ष रामबत्ती भंडारी, उपध्यक्ष रितेश दास जोशी एवं कार्यकर्त्ता शामिल हुये। इस बीच बेडागुड़ा में कबीर दास को मानने वालों में अन्य समाज के लोग शामिल हुए। संत कबीर दास के भजन कों सभी अनुयायीयों ने मन्त्र मुध होकर भजन किये। गांव के युवाओं युवतियों ने भी कार्यक्रम को सफल बनाने में योगदान दिया। संत कबीर दास को मानने वालों को आमंत्रित किया गया तथा उनके जन्मदिवस को समाज में समर्पित कर उनके याद में प्रसाद के रूप में हलवा वितरण किया गया।

## निधन

### डॉ. प्रताप नारायण अग्रवाल



**जगदलपुर।** शहर के जाने माने अधिवक्ता तथा पीटीआई और आकाशवाणी के पत्रकार रहे डॉ प्रताप नारायण अग्रवाल का आज सुबह 4 बजे निधन हो गया। उनकी अंतिम यात्रा शहर के मेन रोड स्थित निवास से मंगलवार सुबह 11 बजे मुक्तिधाम के लिए निकलेगी। वे अविवाहित थे, परिवार में रामभगत, ओम प्रकाश तथा डॉ सुजान नारायण अग्रवाल उनके भ्राता हैं।

# कैडेट्स को एनसीसी के आदर्शों व उद्देश्यों के बारे में मिला प्रशिक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भोंड

1 छत्तीसगढ़ गर्ल्स एनसीसी बटालियन ने परचनपाल में आयोजित 10 दिवसीय वार्षिक प्रशिक्षण शिविर का आज समापन

■ छग गर्ल्स एनसीसी बटालियन का 10 दिवसीय वार्षिक प्रशिक्षण

हुआ। यह शिविर 20 से 29 जून तक संचालित किया गया, जिसमें राज्य के विभिन्न विद्यालयों एवं महाविद्यालयों से आई 516 गर्ल कैडेट्स ने उत्साहपूर्वक भाग लेकर प्रशिक्षण पूर्ण किया। शिविर के दौरान कैडेट्स को एनसीसी के मूल आदर्शों एवं उद्देश्यों के अनुरूप अनुशासन, नेतृत्व क्षमता, टीम वर्क, राष्ट्रीय एकता, आत्मनिर्भरता तथा कठिन परिस्थितियों में सामूहिक जीवन व्यतीत करने का व्यावहारिक प्रशिक्षण प्रदान किया गया।




इसके साथ ही ड्रिल, मैप रीडिंग, फील्ड क्राफ्ट एवं बैटल क्राफ्ट, प्राथमिक उपचार, व्यक्तित्व विकास, सामाजिक सेवा, आपदा प्रबंधन, पर्यावरण संरक्षण, स्वास्थ्य एवं स्वच्छता सहित विभिन्न सेवा विषयों का व्यापक प्रशिक्षण भी दिया गया। शिविर के अंतिम दिवस आयोजित सांस्कृतिक संध्या में कैडेट्स ने एकल एवं समूह गीत, समूह नृत्य तथा अन्य सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के माध्यम से अपनी प्रतिभा का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। इस अवसर पर कैडेट्स ने परचनपाल ग्रामवासियों, ग्राम प्रशासन तथा जिला प्रशासन द्वारा शिविर के आयोजन हेतु प्रदान किए गए सहयोग एवं सतत समर्थन के प्रति हार्दिक आभार भी व्यक्त किया।

समापन समारोह में कैम्प कमांडेंट ने सभी कैडेट्स को संबोधित करते हुए उनके अनुशासित आचरण, उत्कृष्ट सहभागिता एवं प्रशिक्षण के प्रति समर्पण की सराहना की।

उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि शिविर के दौरान अर्जित ज्ञान, कौशल एवं जीवन मूल्य कैडेट्स के उज्ज्वल भविष्य के निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे। उन्होंने सभी कैडेट्स को उनके भावी जीवन एवं करियर के लिए शुभकामनाएं देते हुए राष्ट्र सेवा के प्रति सदैव समर्पित रहने का आह्वान किया।

यह वार्षिक प्रशिक्षण शिविर न केवल सैन्य एवं सेवा विषयों के प्रशिक्षण का प्रभावी माध्यम सिद्ध हुआ, बल्कि कैडेट्स के व्यक्तित्व विकास, आत्मविश्वास, नेतृत्व क्षमता तथा सामाजिक उत्तरदायित्व की भावना को सुदृढ़ करने में भी अत्यंत सफल रहा।

### मंत्री केदार के घर आने से फूले नहीं समाई सरपंच

# मरईगुड़ा की स्वप्ना का सपना हुआ पूरा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सुकमा

कभी सपने में सोचा करती थी कि कोई बड़ा आदमी घर पर आएगा, लेकिन मेरा गांव छत्तीसगढ़ की सीमा के अंतिम और आवागमन की दृष्टि से अत्यंत जटिल हैं।

यहां आने के लिए तेलंगाना राज्य की कई किलोमीटर की दूरी तय करना पड़ता था लेकिन रविवार के दिन मंत्री जी के आने से

■ मंत्री ने भी दिखाई दरियादिली, दी विकास की सौगात

मेरा सपना पूरा हो गया। उक्त बातें मरईगुड़ा की सरपंच स्वप्ना ने हरिभूमि से कहीं। मन की बात सुनने ग्राम मरईगुड़ा पहुँचे मंत्री केदार कश्यप ने सरपंच के दिल की बात सुन ली। कोंटा ब्लाक के वन ग्राम मरईगुड़ा की युवा सरपंच स्वप्ना के सपनों को साकार करते हुए घर पहुंचे और पूरी सादगी के साथ 30 मिनट तक विकास को



लेकर चर्चा की।

जनपद पंचायत कोंटा अंतर्गत ग्राम पंचायत मरईगुड़ा (वन) की सरपंच स्वप्ना ने क्षेत्र के विकास और ग्रामीणों की वर्षों पुरानी समस्याओं के समाधान के लिए वन मंत्री केदार कश्यप को ज्ञापन सौंपा है। ज्ञापन में सिंचाई, सड़क, पुलिया और बिजली जैसी मूलभूत सुविधाओं की मांग रखते हुए शीघ्र स्वीकृति की अपेक्षा की गई है।

सरपंच ने बताया कि वर्ष 2011 में बने निस्तार तालाब का आकार छोटा होने के कारण बरसात का पानी पूरी तरह संरक्षित नहीं हो पाता। तालाब का विस्तार कर इसे सिंचाई तालाब के रूप में विकसित किया जाए तो लगभग 2000 एकड़ कृषि भूमि को सिंचाई सुविधा मिल सकेगी, जिससे किसानों की आय बढ़ेगी और गांव की आर्थिक स्थिति मजबूत होगी।

#### विद्युत सुविधा की मांग पर मुहर

ज्ञापन में मरईगुड़ा से रामपुरम के बीच नाले पर 18 मीटर पुलिया निर्माण की भी मांग की गई है। वर्तमान में पुलिया नहीं होने से बरसात के दिनों में आवागमन बाधित हो जाता है और गांव का मुख्य मार्ग से संपर्क टूट जाता है। इसके अलावा कोलटूर, बेठहड़मा, तोरमगुड़ा, रेगाडगट्टा एवं बरखेचा जैसे वनांचल के गांवों में बिजली सुविधा उपलब्ध कराने की मांग भी की गई है। ग्रामीण लंबे समय से विद्युत सुविधा की प्रतीक्षा कर रहे हैं।

#### मिलेगी सड़क और होगा विकास

सरपंच ने मंत्री से बैरागपुर में पुजारीपारा से कासापारा तक लगभग 2 किलोमीटर मिट्टी-मुरुम सड़क निर्माण की स्वीकृति देने का भी आग्रह किया गया है, ताकि ग्रामीणों को वर्षभर सुगम आवागमन की सुविधा मिल सके। सरपंच ने विश्वास जताया कि मंत्री द्वारा इन जनहितकारी मांगों पर सकारात्मक पहल की जाएगी, जिससे मरईगुड़ा और आसपास के ग्रामीणों को मूलभूत सुविधाएं मिलेंगी तथा क्षेत्र के विकास को नई गति मिलेगी।

# समाज विकास के लिए युवाओं की भागीदारी आवश्यक



हरिभूमि न्यूज ▶▶| भोंड

बस्तर जन जागरण नवयुवक मंडल बकावंड द्वारा संचालित जनजागरण अभियान के तहत विभिन्न ग्राम पंचायतों से पहुंचे युवाओं ने संगठन की गतिविधियों में उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए श्रमदान किया तथा मंडल की सदस्यता ग्रहण की।

ग्राम पंचायत बागमोहलई, भाटपाल एवं आड़ावाल के नवयुवक बकावंड स्थित जन जागरण नवयुवक मंडल स्कूल पहुंचे और सामाजिक सेवा एवं जनहित के कार्यों में अपनी सहभागिता निभाने का संकल्प लिया। सभी ने विद्यालय परिसर एवं आसपास के क्षेत्र में श्रमदान कर स्वच्छता, सेवा और सामाजिक जिम्मेदारी का संदेश दिया। श्रमदान के पश्चात सभी युवाओं को सदस्यता दिलाई गई तथा उन्हें संगठन के उद्देश्य, कार्यप्रणाली और समाजहित में किए जा रहे कार्यों की जानकारी दी गई। इस अवसर पर अध्यक्ष ने सभी का स्वागत करते हुए उनके द्वारा किए गए श्रमदान की सराहना करते कहा कि समाज के विकास और जागरूकता के लिए युवाओं की सक्रिय भागीदारी अत्यंत आवश्यक है जब युवा सेवा, सहयोग और सामाजिक उत्तरदायित्व की भावना के साथ आगे आते हैं, तब समाज में सकारात्मक परिवर्तन का मार्ग प्रशस्त होता है। उन्होंने कहा केवल सदस्य बनना ही पर्याप्त नहीं है, बल्कि समाज के प्रत्येक सकारात्मक कार्य में बढ़-चढ़कर भाग लेना चाहिए। इस दौरान बस्तर विधायक एवं उपनेता प्रतिपक्ष लखेश्वर बघेल, अध्यक्ष रतन कश्यप, कोषाध्यक्ष तुलाराम सेठिया, संरक्षक मानसिंह कवासी, जनपद सदस्य जगमोहन बघेल, लखेश्वर कश्यप, संरक्षक ललित कश्यप, चंद्रशेखर मौर्य, गौतम नाग, सह सचिव, मोना पाड़ी, राजेश कुमार, अमृत कश्यप, महेश कश्यप एवं सदस्यगण उपस्थित रहे।

# एनएमडीसी डीएवी आईटीआई भांसी ने प्राप्त की 5 स्टार रेटिंग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बचेली

एनएमडीसी डीएवी आईटीआई भांसी ने एक और उपलब्धि अपने नाम करते हुए भारत सरकार के कौशल विकास एवं उद्यमिता मंत्रालय के प्रशिक्षण महानिदेशालय डीजीटी द्वारा शैक्षणिक सत्र 2026-27 के लिए डाटा ड्रिवेन ग्रेडिंग मेथडोलॉजी के अंतर्गत प्रतिष्ठित 5-स्टार रेटिंग प्राप्त की है।

डाटा ड्रिवेन ग्रेडिंग मेथडोलॉजी एक पारदर्शी एवं तकनीक आधारित मूल्यांकन प्रणाली है, जिसमें आईटीआई का मूल्यांकन डीजीटी के एमआईएस पोर्टल पर उपलब्ध आंकड़ों के आधार पर




किया जाता है। इसमें प्रवेश प्रतिशत, प्रशिक्षुओं का प्लेसमेंट, परीक्षा परिणाम, छात्राओं की भागीदारी, ट्रेड विविधता, सीबीटी परीक्षा में सहभागिता तथा प्रशिक्षुओं के औसत अंक जैसे मापदंडों का आकलन किया जाता है। 5-स्टार रेटिंग संस्थान की उत्कृष्ट शैक्षणिक गुणवत्ता, प्रभावी प्रशिक्षण व्यवस्था, बेहतर परीक्षा परिणाम, उद्योगों से मजबूत जुड़ाव तथा प्रशिक्षुओं के सर्वांगीण विकास का प्रमाण है। इस उपलब्धि का श्रेय एनएमडीसी के सतत सहयोग एवं मार्गदर्शन, संस्थान के प्राचार्य,समस्त प्रशिक्षण अधिकारियों, कर्मचारियों तथा प्रशिक्षुओं के सामूहिक प्रयास और समर्पण को जाता है।

संस्थान ने इस उपलब्धि पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए एनएमडीसी बचेली के परियोजना प्रमुख श्रीधर कोडली ने संस्था के समस्त स्टाफ और छात्रों को बधाई दी है। संस्था के प्राचार्य ने भविष्य में भी गुणवत्तापूर्ण कौशल प्रशिक्षण प्रदान कर देश के युवाओं को रोजगार उपलब्ध कराने और उत्कृष्टता के नए आयाम स्थापित करने का संकल्प व्यक्त किया।



# दोरनापाल अस्पताल में बाल रोग विशेषज्ञ का अभाव

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दोरनापाल

जिला मुख्यालय सुकमा से कुछ ही दूरी पर स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र दोरनापाल में बाल रोग विशेषज्ञ की नियुक्ति नहीं होने से क्षेत्र के नवजात और छोटे बच्चों के उपचार पर गंभीर संकट खड़ा हो गया है। इन दिनों खराब मौसम के कारण बच्चों में बुखार,

■ नवजातों के इलाज के लिए दूसरे राज्यों का रुख कर रहे परिजन

सर्दी, खांसी और अन्य मौसमी बीमारियों के मामले बढ़ रहे हैं, लेकिन अस्पताल में विशेषज्ञ डॉक्टर उपलब्ध नहीं होने से परिजनों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

दोरनापाल सहित आसपास के दर्जनों ग्रामीण क्षेत्रों के लोग बच्चों का इलाज कराने के लिए मजबूरी में पड़ोसी राज्यों ओडिशा और आंध्र प्रदेश के निजी अस्पतालों और क्लीनिकों का रुख कर रहे हैं। वहां इलाज के लिए उन्हें भारी-भरकम फीस के साथ दवाइयों और जांच पर भी अतिरिक्त खर्च उठाना पड़ रहा है।

स्थानीय लोगों का कहना है कि दोरनापाल क्षेत्र की बड़ी आबादी इसी सरकारी अस्पताल पर निर्भर है। ऐसे में बाल रोग विशेषज्ञ का पद लंबे समय से खाली रहने के कारण छोटे बच्चों और नवजातों को समय पर विशेषज्ञ उपचार नहीं मिल पा रहा है।

आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों के लिए निजी अस्पतालों में इलाज कराना काफी कठिन साबित हो रहा है। क्षेत्रवासियों ने स्वास्थ्य विभाग और राज्य शासन से दोरनापाल अस्पताल में जल्द से जल्द स्थायी बाल रोग विशेषज्ञ की नियुक्ति करने की मांग की है, ताकि स्थानीय स्तर पर बच्चों को बेहतर और समय पर उपचार मिल सके तथा लोगों को दूसरे राज्यों के निजी अस्पतालों के चक्कर न लगाने पड़ें।

# एनएमडीसी डीएवी आईटीआई भांसी के 31 प्रशिक्षार्थियों का हुआ चयन






हरिभूमि न्यूज : बचेली


एनएमडीसी डीएवी आईटीआई भांसी में ओमेगा सेकी मोबिलिटी प्रा. लिमिटेड चाकण पुणे द्वारा वर्चुअल कैंपस ड्राइव का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत कंपनी के असिस्टेंट मैनेजर एचआर रबीन्द्र मोहंती द्वारा विस्तृत प्रेजेंटेशन देकर की। उन्होंने प्रशिक्षार्थियों को कंपनी की कार्यप्रणाली, करियर ग्रोथ, कार्य संस्कृति, वेतनमान एवं अन्य सुविधाओं की जानकारी दी।

इसके पश्चात संस्थान के अंतिम वर्ष के प्रशिक्षार्थियों का ऑनलाइन टेस्ट आयोजित किया गया। ऑनलाइन टेस्ट में सफल अभ्यर्थियों का कंपनी द्वारा वर्चुअल इंटरव्यू लिया गया। चयन प्रक्रिया पूर्ण होने के बाद कुल 31 प्रशिक्षार्थियों का चयन किया गया। इस उपलब्धि पर एनएमडीसी बीआईओएम बचेली कॉम्प्लेक्स के परियोजना प्रमुख श्रीधर कोडाली ने चयनित प्रशिक्षार्थियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि एनएमडीसी का उद्देश्य क्षेत्र के युवाओं को गुणवत्तापूर्ण कौशल प्रशिक्षण प्रदान कर उन्हें देश की अग्रणी कंपनियों में रोजगार के अवसर उपलब्ध कराना है। ऐसे प्लेसमेंट अभियान संस्था की गुणवत्ता एवं उद्योगों के विश्वास का प्रतीक हैं।

प्राचार्य कमलेश साहू ने चयनित प्रशिक्षार्थियों को बधाई देते हुए कहा कि संस्थान में उद्योगों की आवश्यकताओं के अनुरूप प्रशिक्षण प्रदान किया जाता है। नियमित कैंपस एवं वर्चुअल प्लेसमेंट ड्राइव के माध्यम से प्रशिक्षार्थियों को रोजगार उपलब्ध कराना संस्थान की सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने कंपनी के अधिकारी, प्लेसमेंट सेल को कैंपस प्लेसमेंट के सफल आयोजन के लिए बधाई दी। एनएमडीसी बचेली के सीएसआर सहयोग एवं मार्गदर्शन से संचालित एनएमडीसी डीएवी आईटीआई, भांसी देश के अग्रणी कौशल प्रशिक्षण संस्थानों में शामिल है और समय-समय पर देश की प्रतिष्ठित कंपनियों के साथ रोजगारोन्मुखी प्लेसमेंट अभियान आयोजित कर प्रशिक्षार्थियों के उज्ज्वल भविष्य का मार्ग प्रशस्त कर रहा है।

# आदिवासी समाज को संगठित करने पर हुआ मंथन







हरिभूमि न्यूज ▶▶| बस्तर

मुड़ा क्षेत्र के पथरागुड़ा साहू समाज भवन में आदिवासी ध्रुव गोंड़ समाज की मासिक बैठक के दौरान गोंडवाना की महान वीरांगना रानी दुर्गावती का बलिदान दिवस धूमधाम से मनाया गया।

महारानी दुर्गावती को याद करते हुए दो मिनट का मौन रखकर विनम्र श्रद्धांजलि दी गई। उपस्थित लोगों ने उनके आदर्शों पर चलने की शपथ ली। बताया गया कि महारानी ने अपनी राज्य की रक्षा करते हुए वीरगति प्राप्त की थी। बैठक में जगदलपुर परिक्षेत्र के समाज के सदस्य एकत्रित हुए और समाज को सशक्त एवं संगठित बनाने पर विचार विमर्श किया। इस अवसर पर समाज की नन्ही परी को रानी दुर्गावती की वेशभूषा से सुशोभित किया गया।

बैठक में समाज के संभागीय महासचिव लिलेश स्वर ध्रुव, परिक्षेत्र अध्यक्ष अशोक मंडावी, कोषाध्यक्ष ओम प्रकाश ध्रुव, महिला अध्यक्ष दयाबती ध्रुव, राधा ध्रुव, नीलम ध्रुव, अनिता ध्रुव, सुरूज नेताम, देव कुवर ध्रुव, इन्द्रा नेताम, वेद प्रकाश ध्रुव, घनश्याम ध्रुव मरकाम, बोधनी बाई, नीलकंठ ध्रुव, खुशी राम ध्रुव, मीडिया प्रभारी रामनारायण ध्रुव सहित समाज के सदस्य उपस्थित थे।

### माता हिंगलाजिन की पूजा-अर्चना, चरण पादुका अर्पित



**भोंड।** बस्तर विधायक एवं छत्तीसगढ़ विधानसभा में उपनेता प्रतिपक्ष लखेश्वर बघेल ने गृह ग्राम पहुंचकर अपने भतीजे लोकनाथ बघेल के साथ कुलदेवी माता हिंगलाजिन के पावन दरबार में विधि-विधान एवं श्रद्धापूर्वक पूजा-अर्चना की। इस दौरान माता के श्रीचरणों में चरण पादुका अर्पित कर प्रदेश एवं बस्तर अंचल की सुख-समृद्धि, शांति, खुशहाली तथा नागरिकों के उत्तम स्वास्थ्य और मंगलमय जीवन की कामना की। पूजा-अर्चना के दौरान धार्मिक परंपराओं एवं रीति-रिवाजों का पालन करते हुए माता हिंगलाजिन से समाज में आपसी भाईचारा, सौहार्द और समृद्धि बनाए रखने की प्रार्थना की गई।

लखेश्वर बघेल ने कहा कि कुलदेवी के प्रति आस्था और श्रद्धा हमारी संस्कृति एवं परंपरा का अभिन्न हिस्सा है तथा ऐसे धार्मिक अवसर हमें अपनी जड़ों और संस्कारों से जुड़े रहने की प्रेरणा देते हैं। इस अवसर पर परिवार के सदस्य, परिजन एवं ग्रामवासी भी उपस्थित रहे। सभी ने माता हिंगलाजिन के दर्शन कर उनका आशीर्वाद प्राप्त किया तथा क्षेत्र के विकास, सुख-शांति और जनकल्याण की कामना की।




### शपथ पत्र

मैं ललित कुमार पिता श्री दिनेश सिंह उम्र 21 वर्ष, निवासी नेगानार ब्लाक दरभा जिला-बस्तर (छ.ग.) निम्न कथन करता हूं कि :-

1. यह कि मैं उपरोक्त पते का निवासी हूं व मेरा आधार कार्ड क्र. 9178 4536 2388 है ।
2. यह कि मेरे आधार कार्ड में दर्ज नाम अनिल (anil) है जो कि त्रुटीवश गलत दर्ज हो गया है।
3. यह कि मेरे अन्य दस्तावेज में मेरा नाम ललित कुमार/LALIT KUMAR है जो कि मेरा सत्य व सही नाम है।
4. यह कि आधार कार्ड में सत्य व सही नाम ललित कुमार / LALIT KUMAR दर्ज करवाना है।
5. यह कि उक्त नाम परिवर्तन/सुधार की सूचना छत्तीसगढ़ के राज पत्र में प्रकाशन हेतु यह शपथ पत्र प्रस्तुत है।

शपथकर्ता

## खबर संक्षेप

### नगरनार मंडल ने सुनी मन की बात



**जगदलपुर।** भारतीय जनता पार्टी नगरनार मंडल ने दुर्गा मंडप आड़ावाल में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की मन की बात का श्रवण किया। मुख्य अतिथि सांसद महेश कश्यप, मंडल के प्रभारी रजनीश पानीग्राही , जनपद अध्यक्ष पदलाम नाग, उपसरपंच दिनेश जना सीमांचल दास, राजेश शर्मा, सविता साहनी, मोहन सेठिया, संगीता महाराणा, सरिता साहू, रामचंद्र, तपन राय, पुरुषोत्तम, घनश्याम सेठिया, लक्ष्मी घरत, बाबूलाल रूपेश समरथ, हरि साहू, कुमारी राधा बडै गणेश नागवंशी दलजीत शर्मा, पुष्पा मिश्रा, सुमन ठाकुर, सोनम चौधरी, मनोज कुमार, सुनील नाग, महादेव बघेल, सहदेव बघेल, तुलाराम, जुगल किशोर, मोरध्वज सेठिया, विकास सिकदर, धीरज पांडे, विकास पात्रों, पुखराज, श्याम गुरुजी, सुब्रतो विश्वास एवं कार्यकर्ता समेत ग्रामीण जन उपस्थित थे।

### मंदिर निर्माण को लेकर यादव समाज की हुई बैठक



**सुकमा।** कोंटा डेंग में 28 जून को श्रीकृष्ण मंदिर निर्माण को लेकर यादव समाज की बैठक आयोजित की गई। बैठक में मंदिर निर्माण पर चर्चा की गई। सर्वसम्मति से श्रीकृष्ण मंदिर निर्माण समिति का गठन किया गया। समिति के अध्यक्ष पद पर घासीराम यादव को सर्वसम्मति से मनोनीत किया गया।

### विशेष लोक अदालत में प्रकरणों का होगा निराकरण

**जगदलपुर।** राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नई दिल्ली एवं छग राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण बिलासपुर के निर्देशानुसार जिला न्यायालय परिसर में 18 जुलाई को धारा 138 परकाम्य लिखत अधिनियम 1881 के तहत प्रकरणों के निराकरण के लिए स्पेशल लोक अदालत का आयोजन होगा।

यह विशेष लोक अदालत गोंविद नारायण जांगडे, प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश के मार्गदर्शन एवं कु अंकिता कश्यप, व्यवंहार न्यायाधीश द्वारा आयोजित की जाएगी। इस आयोजन का मुख्य उद्देश्य न्यायालयों में लंबित प्रकरणों का शीघ्र निपटारा करते हुए पक्षकारों को आपसी सहमति के आधार पर न्याय प्रदान करना है। इस अवसर पर बैंक प्रतिनिधियों, अधिवक्ताओं एवं संबंधित पक्षकारों की उपस्थिति सुनिश्चित की जाएगी। पक्षकारों के मध्य आपसी सहमति एवं समझौते के आधार पर विवादों का समाधान किया जाएगा। इच्छुक व्यक्ति, संस्थाएं अपने चेक बाउंस सबंधी अथवा अन्य योग्य प्री-लिटिगेशन प्रकरणों को जिला विधिक सेवा प्राधिकरण में प्रस्तुत कर लोक अदालत का लाभ प्राप्त कर सकते है।

# बस्तर संभाग में मानसून की वापसी, 1 जुलाई से झमाझम बारिश का दौर


हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

बस्तर संभाग समेत पूरे छत्तीसगढ़ में मानसून एक बार फिर पूरी ताकत से सक्रिय हो रहा है। पिछले 24 घंटों के दौरान संभाग के कई हिस्सों सहित प्रदेश के सभी संभागों में हल्की से मध्यम बारिश दर्ज की गई है। मौसम केंद्र जगदलपुर के अनुसार आगामी 1 जुलाई से मानसूनी गतिविधियों में भारी बढ़ोतरी होने की संभावना है, जिसे देखते हुए अगले 7 दिनों तक संभाग के एक-दो स्थानों पर मध्यम से भारी वर्षा का अलर्ट जारी किया गया है।

पिछले 24 घंटों में बस्तर संभाग के कई इलाकों में अच्छी वर्षा रिकॉर्ड की गई है। आंकड़ों के मुताबिक कोंटा, नानगुर और तोकापाल में 3-3 सेंटीमीटर बारिश दर्ज हुई है। इसके अलावा जगदलपुर शहर और जगरगुंडा में भी 2-2 सेंटीमीटर पानी गिरा है। बारिश के चलते संभाग मुख्यालय जगदलपुर में अधिकतम तापमान 33 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 25 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया है, जिससे लोगों को उमस से थोड़ी राहत मिली है।

मौसम वैज्ञानिकों के अनुसार, इस समय देश में तीन बड़े वेदर सिस्टम एक साथ काम कर रहे हैं। उत्तरी तेलंगाना और उससे लगे इलाकों के ऊपर समुद्र तल से 5.8 किलोमीटर की ऊंचाई पर एक मजबूत चक्रवाती घेरा (साइक्लोनिक सकुर्लेशन) बना हुआ है। इसके साथ ही पंजाब से बिहार तक मानसून द्रोणिका और उत्तर प्रदेश से मणिपुर तक एक अन्य पूर्व-पश्चिम द्रोणिका सक्रिय है। इन तीनों सिस्टम के असर से बंगाल की खाड़ी से भारी मात्रा में नमी बस्तर संभाग और आसपास के क्षेत्रों में आ रही है।

## मौसम विभाग ने जारी किया 7 दिनों का भारी वर्षा का अलर्ट



### आगामी 48 घंटों में वज्रपात की चेतावनी

मौसम विभाग ने चेतावनी दी है कि अगले 48 घंटों के भीतर बस्तर संभाग के अधिकांश स्थानों पर गरज-चमक के साथ आकाशीय बिजली (वज्रपात) गिरने और भारी बारिश की प्रबल आशंका है। मौसम केंद्र ने किसानों और आम नागरिकों को कड़े निर्देश दिए हैं कि वे खराब मौसम के दौरान खुले खेतों, पेड़ों या बिजली के खंभों के नीचे बिल्कुल न जाएं और सुरक्षित स्थानों पर ही शरण लें।

## सर्व समाज व रोटरी क्लब का संयुक्त आयोजन

# आईजी सुंदरराज पी. का हुआ नागरिक अभिनंदन, दी गई शुभकामनाएं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

- विभिन्न समाज ने दिया साल श्रीफल व स्मृति चिन्ह

विगत लगभग 14 वर्ष तक बस्तर संभाग में विभिन्न महत्वपूर्ण दायित्वों का निर्वहन करते हुए नक्सलवाद के विरुद्ध संघर्ष में उल्लेखनीय योगदान देने वाले बस्तर आईजी सुंदरराज पट्टलिंगम का रविवार को रोटरी क्लब में नागरिक अभिनंदन किया गया। आईजी ने बस्तर में कर्तव्यनिष्ठा, सेवा-भाव, नेतृत्व और समर्पण ने बस्तर के विकास एवं शांति स्थापना में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई इसे देखते हुए सर्व समाज व रोटरी क्लब के संयुक्त तत्वाधान में नागरिक अभिनंदन कार्यक्रम आयोजित किया गया था। इस अवसर पर उन्हें मिली नई जिम्मेदारी एवं दायित्व के लिए हार्दिक शुभकामनाएं देते हुए विभिन्न समाजों व रोटरी क्लब द्वारा शाल श्रीफल व स्मृति चिन्ह देकर अभिनंदन करते हुए उनके उज्वल भविष्य, उत्तम स्वास्थ्य एवं निरंतर सफलता की कामन की गई।






नागरिक अभिनंदन कार्यक्रम के दौरान आईजी सुदरराज पी पर पुष्प वर्षा कर उनका भव्य स्वागत किया गया। इसके उपरांत विभिन्न समाजों द्वारा स्मृति चिन्ह देकर उनका अभिनंदन किया गया। विभिन्न समाजों को एक ही मंच पर मौजूदगी व स्वागत से अभिभूत आईजी ने इसे अविश्वरमणीय बताते हुए सभी का आभार मानते हुए धन्यवाद ज्ञापित किया। इस दौरान विभिन्न समाजों द्वारा परम्परागत रूप से साफा, पगड़ी व शाल पहनाकर उनका स्वागत करते हुए स्मृति चिन्ह भेंट किया गया। इस अवसर पर रोटरी क्लब के पदाधिकारी व सदस्यों के अलावा उत्कल ब्राम्हण समाज बस्तर संभाग, आदिवासी समाज, धुरवा समाज, महारा समाज, सर्व हिन्दु समाज, मुस्लिम समाज, मसीह समाज, दिगम्बर जैन समाज, सिख समाज, माहेश्वरी समाज, पजांब सनातन धर्म सभा, गुजराती समाज, ओसवाल जैन व श्वेतामंबर जैन समाज, सिंधी समाज, धाकड़ ठाकुर क्षत्रिय समाज, भोजपुरी समाज, खत्री समाज, कोष्टा समाज, विश्वकर्मा समाज, निषाद समाज, गड़वा समाज, सरयूपारी ब्राम्हण समाज, यादव समाज, 360 अरण्यक ब्राम्हण समाज, क्षत्रिय ठाकुर समाज, आधं्र समाज, बालाजी मंदिर कमेटी, गायत्री परिवार, वनवासी कल्याण परिवार, साहू समाज, उत्कल करण समाज, देवागंन समाज, कायस्थ समाज, मिथिला समाज, अग्रवाल समाज, माहर समाज के पदाधिकारी व सदस्यों के अलावा बस्तर परिवहन संघ, पतंजलि योग समिति, रोटरेक्ट क्लब, इनरव्हील क्लब, मानव अधिकार, कर्मचारी अधिकारी फेडरेशन, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता सहायिका संघ तथा ट्री मेन संपत झा मौजूद थे।

## मैं फिर आऊंगा बस्तरः सुंदरराज पी.

### पुलिस अफसर का शॉल श्रीफल से हुआ सम्मान



**जगदलपुर।** कलरव म्यूजिकल ग्रुप ने बस्तर आईजी सुंदरराज पी का शौर्य भवन में उत्कृष्ट सेवाओं के लिए शॉल श्रीफल से सम्मान किया। ग्रुप ने संगीत नाइट का आयोजन किया। जिसमें आरडी बर्मन के गीतों को गाकर श्रोताओं का मनोरंजन किया। बस्तर पुलिस अधीक्षक शलभ कुमार सिन्हा ने गीत गाकर आर.डी. बर्मन को याद किया। पुलिस विभाग के अभिजीत सिंह भदोरिया एवं दिलबाग सिंह ने भी गीत गाया।

स्थानीय कलाकारों में अफजल अली, रेशमा अली,एल. पी. सोनी,आशा सोनी, विश्वजीत भट्टाचार्य, शैलेश जारी, रणजीत गौतम,दीपक वाधवानी, संग्राम सिंह राणा, महेश सिंह ठाकुर, माही श्रीवास्तव, गौरी दत्ता ने भी गीत गाए। भिलाई के डॉल्फिन म्यूजिशियन ग्रुप ने प्रस्तुति दी ।

## इंद्रावती बचाओ अभियान ने किया सम्मान

### मियाजाकी आम एवं स्मृति चिन्ह भेंट की



**जगदलपुर।** इंद्रावती बचाओ अभियान की ओर से पूर्व आईजी सुंदरराज पी. का सम्मान किया गया। इस अवसर पर उन्हें मियाजाकी आम, फलों की टोकरी एवं स्मृति-चिह्न भेंट कर नई जिम्मेदारी के लिए शुभकामनाएं दी गईं। सभी ने आईजी बंगले परिसर में लगभग तीन वर्ष पूर्व लगाए गए वाटर एप्पल, लीची, मलबेरी सहित अन्य फलदार एवं छायादार वृक्षों से विकसित हरित वाटिका का अवलोकन किया। तीन वर्ष पूर्व लगाए गए पौधे आज एक सघन, सुंदर एवं जीवनदायी हरित वाटिका का रूप ले चुके हैं, जो प्रकृति संरक्षण, सामूहिक सहभागिता और सतत संवर्धन का प्रेरणादायी उदाहरण प्रस्तुत करते हैं।

इस दौरान दशरथ कश्यप, सम्पत झा, शिवनारायण चाडक, रोहित सिंह बैस, विवेक गुप्ता, सुनील खेडुलकर, टी. के. शर्मा, लक्ष्मी कश्यप, ज्योति गर्ग, सुनीता उमरवैश्य, जयश्री सहित अन्य सदस्य उपस्थित रहे।

## प्रगतिशील लेखक संघ के जिला इकाई में अध्यक्ष बनी खुदेजा खान



हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर


प्रगतिशील लेखक संघ ने लाला जगदलपुरी ग्रंथालय में बैठक में चर्चा की। जिसमें राष्ट्रीय एवं राज्य स्तरीय सम्मेलन में जिला इकाई की सहभागिता, जिला इकाई का पुनर्गठन, प्रेमचंद जयंती पर कार्यक्रमों की रूपरेखा पर विचार हुआ। वहीं जिला इकाई के पुनर्गठन के संबंध में सर्वसम्मति से अध्यक्ष खुदेजा खान, उपाध्यक्ष कविता बिजोलिया व योगेंद्र सिंह राठौर, सचिव दीपक थवानी, सह सचिव वंदना राठौर, कोषाध्यक्ष प्रकाश चंद्र जोशी तथा संगठन सचिव उर्मिला आचार्य बनाए गए।

कार्यकारिणी सदस्य हिमांशु शेखर झा, विक्रम सोनी, योगेंद्र मोतीवाला, राजेश सेठिया, गायत्री आचार्य, विमलेंदु शेखर झा, रामेश्वर प्रसाद चंद्रा, सुनील श्रीवास्तव। संरक्षक मंडल में एम ए रहीम, मदन आचार्य, अली एम सैयद, जगदीश चंद्र दास लिए गए।

## टाइगर रिजर्व फारेस्ट में दुर्लभ जंगली कुत्तों का एक झुंड मिला

हरिभूमि न्यूज ▶▶| धमतरी

टाइगर रिजर्व क्षेत्र में चार जंगली कुत्तों का झुंड कैमरे में रिकार्ड हुआ है। ये जंगली कुत्ते भारत के सबसे आकर्षक एवं दुर्लभ मांसाहारी वन्यजीवों में से एक हैं। यह प्रजाति आईयूसीएन की रेड लिस्ट में संकटग्रस्त श्रेणी में सूचीबद्ध है। पूरे देश में इनकी संख्या करीब 2000 ही बची है। अखिल भारतीय बाघ आकलन 2026 के दौरान उदंती-सीतानदी टाइगर रिजर्व में लगाए गए ट्रैप कैमरे में चार ढोल (भारतीय जंगली कुत्तों) के एक झुंड की तस्वीरें एवं वीडियो रिकार्ड किए गए हैं। एक संगठित ढोल झुंड का इस प्रकार दर्ज होना रिजर्व की पारिस्थितिकी स्थिति में सुधार का संकेत दे रहा है। ढोल भारत के सबसे आकर्षक एवं दुर्लभ मांसाहारी वन्यजीवों में से एक हैं। यह प्रजाति



वन पारिस्थितिकी तंत्र में अत्यंत महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। वे चीतल, सांभर एवं जंगली सुअर जैसे शाकाहारी जीवों की आबादी को संतुलित बनाए रखते हैं, जिससे वनस्पतियों एवं प्राकृतिक पुनर्जनन को संरक्षण मिलता है। अपनी अद्भुत सामूहिक रणनीति, समन्वय और सहकारिता के कारण ढोल विश्व के सबसे कुशल समूह-शिकारी माने जाते हैं। बड़े एवं संगठित झुंड में वे बाघ जैसे बड़े परभक्षियों को चुनौती देने तथा दुर्लभ परिस्थितियों में उनका शिकार करने की क्षमता भी रखते हैं।

## मादक पदार्थ की तस्करी कर रहे दो अंतर्राज्यीय तस्कर गिरफ्तार




हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

- हरियाणा के तस्करों से 14.94 लाख का गांजा बरामद
- ओडिशा बार्डर में बस का इंतजार कर रहे थे तभी नगरनार पुलिस ने पकड़ा

गांजा तस्करी के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत कार्रवाई करते हुए नगरनार पुलिस ने दो अंतर्राज्यीय तस्करों को गिरफ्तार कर 14 लाख 94 हजार रूपए का गांजा बरामद किया है। आरोपियों के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज कर जेल भेजा गया।

मादक पदार्थ गांजा की तस्करी पर अकुंश लगाने एसपी शलभ कुमार सिन्हा के निर्देश पर थाना प्रभारी निरीक्षक संतोष सिंह के नेतृत्व में थाना स्तर पर टीम गठित किया गया था। टीम को सूचना मिली थी कि दो व्यक्ति अपने संयुक्त अधिपत्य के आर्मी कैमोफ्लाईज कलर के दो पिठ्ठु बैग में अवैध रूप से मादक पदार्थ गांजा रखकर धनपुंजी आरटीओ नाका के पास एनएच 63 रोड किनारे खड़े है और ओडिशा से जगदलपुर जाने वाली बस का इंतजार कर रहे है। सूचना पर मौके पर पहुंची टीम द्वारा दो संदिग्ध को घेराबंदी कर पकड़ा गया। पूछताछ करने पर उन्होंने अपना नाम हरिओम पांचाल 34 वर्ष व संदीप पांचाल 37 वर्ष दोनों निवासी भिवानी रोड बायपास वार्ड नंबर 31 जिन्द चौकी रोहतक रोड थाना सदर जिला जिन्द हरियाणा का रहने वाला बताया। दोनों के कब्जे से बैग में रखा 6 पैकेट कुल 31.880 किलोग्राम मादक पदार्थ गांजा कीमत 14 लाख 94 हजार रूपए के अलावा मोबाइल फोन तथा नगदी रकम 490 रूपए बरामद कर जब्त किया गया। आरोपियों को गिरफ्तार कर उनके खिलाफ धारा 20 (ख), (ग) एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज कर न्यायालय में पेश किया गया जहां से उन्हें न्यायिक रिमांड पर जेल भेजा गया। कार्रवाई में निरीक्षक संतोष सिंह के अलावा प्रशिक्षु उपनिरीक्षक दीपक कुमार सिंह, एएसआई महेन्द्र सिंह ठाकुर, आरक्षक वेदप्रकाश देखमुख, यशवंत ध्रुव, दशरू नाग, नरेश कश्यप व बलराम कश्यप की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

## मुक्ति मोर्चा ने आंदोलन की दी चेतावनी

# मेंटेनेंस के नाम पर अघोषित बिजली कटौती : नवनीत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

बस्तर अधिकार मुक्ति मोर्चा के मुख्य संयोजक एवं जनता कांग्रेस छत्तीसगढ़ (जे) के बस्तर संभाग अध्यक्ष नवनीत चांद ने लगातार बिगड़ती विद्युत व्यवस्था, मेंटेनेंस के नाम पर अघोषित बिजली कटौती, मेंटेनेंस के बाद भी लगातार ट्रिपिंग और बिजली गुल होने की घटनाओं, स्मार्ट मीटर के बाद बढ़ते बिजली बिलों तथा उपभोक्ता अधिकारों की अनदेखी को प्रदेश की जनता के साथ गंभीर अन्याय बताया है। उन्होंने कहा कि आज बस्तर का आम उपभोक्ता दोहरी मार झेल रहा है। एक ओर समय पर बिजली बिल जमा करने के बावजूद घंटों बिजली कटौती,



लो-वोल्टेज, बार-बार ट्रिपिंग और खराब विद्युत आपूर्ति का सामना करना पड़ रहा है। वहीं दूसरी ओर स्मार्ट मीटर लागू होने के बाद बड़ी संख्या में उपभोक्ता बिजली बिलों में अप्रत्याशित वृद्धि, बिलिंग की अपारदर्शिता, मीटर की शुद्धता, डेटा सुरक्षा तथा शिकायतों के निराकरण में कठिनाइयों की शिकायत कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि यदि सरकार और विद्युत वितरण कंपनी बार-बार मेंटेनेंस के नाम पर जनता को बिजली से वंचित करती है, तो यह भी स्पष्ट किया जाना चाहिए कि करोड़ों रुपये खर्च होने के बावजूद मेंटेनेंस के बाद भी बिजली व्यवस्था क्यों नहीं सुधर रही है। यदि बार-बार फॉल्ट और कटौती जारी है, तो यह केवल तकनीकी समस्या नहीं बल्कि जवाबदेही का विषय है। उन्होंने कहा बस्तर की जनता अब केवल आश्वासन नहीं, बल्कि पारदर्शिता, जवाबदेही और अपने अधिकारों का सम्मान चाहती है। यदि जनता की आवाज नहीं सुनी गई, तो यह मुद्दा गांव-गांव और शहर-शहर जनआंदोलन का रूप लेगा।

## मुक्ति मोर्चा की बैठक में संगठन विस्तार का निर्णय



हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

आज चित्रकूट में बस्तर अधिकार मुक्ति मोर्चा, जनता कांग्रेस छत्तीसगढ़ (जे) के पदाधिकारियों की बैठक की गई। बैठक में संगठन के विस्तार, आगामी कार्यक्रमों की रूपरेखा तथा प्रत्येक गांव में संगठन को मजबूत बनाने के साथ-साथ क्षेत्र की जनसमस्याओं को लेकर विस्तार से चर्चा की गई।

बैठक में सर्वसम्मति से प्रत्येक गांव में अध्यक्ष एवं सचिव सहित नई कार्यकारिणी गठित करने का निर्णय लिया गया और संकल्प लिया कि गांव-गांव जाकर पेयजल, सड़क, शिक्षा, स्वास्थ्य, राशन, आवास, वन अधिकार, पेंशन, रोजगार, सिंचाई तथा अन्य जनहित से जुड़े मुद्दों पर लगातार आवाज बुलंद की जाएगी ।

इस अवसर पर चित्रकोट विधानसभा अध्यक्ष कमल बघेल, ग्रामीण जिला महामंत्री संतु कश्यप, विधानसभा उपाध्यक्ष पाकलू कश्यप, लोहंडीगुड़ा ब्लॉक उपाध्यक्ष राजू कश्यप, कुंवर मांडवी, सुकलु मांडवी, अनिल मांडवी, गोपी, मंगल, सोमारू, जटेल बघेल सहित अन्य पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

